**कार्यवाही जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर की बैठक जोकि दिनांक 26.05..2017 को सांय 2.00 बजे श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय सांसद लोकसभा सदस्य, हमीरपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

**गैर सरकारी सदस्य :**

| | |
|---|---|
| 1. श्री राकेश ठाकुर | अध्यक्ष, जिला परिषद, हमीरपुर |
| 2. श्री सुनील दत्त शर्मा | अध्यक्ष, पंचायत समिति, विकास खण्ड, नादौन |
| 3. श्रीमति सलोचना देवी | अध्यक्ष, नगर परिषद, हमीरपुर |
| 4. श्री बलदेव धीमान | सदस्य |
| 5. श्री संजीव कुमार | सदस्य |

**सरकारी सदस्य :**

1. श्रीमति रूपाली ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त एवं परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर
2. श्री एल0एम0 शर्मा, हि0प्र0पु0 से0, उप पुलिस अधीक्षक, हमीरपुर
3. ई0 आर0 के मिन्हास, अधीक्षण अभियन्ता, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग, हमीरपुर
4. ई0 एच0एल0 शर्मा, अधिशाषी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग, हमीरपुर
5. ई0 नीरज भोगल, अधिशाषी अभियन्ता, सिचाई एंव जनस्वास्थ्य विभाग, हमीरपुर
6. ई0 राजेन्द्र कुमार, अधिशाषी अभियन्ता, सिचाई एंव जनस्वास्थ्य विभाग, बडसर
7. ई0 पी0पी0 सिंह, अधिशाषी अभियन्ता, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग, टौणी देवी
8. ई0 सन्तोष कटोच, अधिशाषी अभियन्ता, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग, बडसर
9. श्री आई0 डी0 शर्मा, तकनीकी विशेषज्ञ, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर
10. श्री विजय कुमार चौधरी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, हमीरपुर
11. श्रीमति ध्रुवा देवी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियन्त्रक, हमीरपुर
12. श्री संदीप कुमार, एल0डी0एम0, पीएनबी, हमीरपुर
13. श्री राजेश शर्मा परियोजना अधिकारी, हिम उर्जा, हमीरपुर

14. श्री पंकज शर्मा, सहायक आयुक्त एवं खण्ड विकास अधिकारी, भोरंज

15. श्री विनोद गर्ग, डी0आई0ओ0, उपायुक्त कार्यालय, हमीरपुर

16. कु0 असमिता ठाकुर, खण्ड विकास अधिकारी हमीरपुर

17. श्री यशपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, बमसन

18. श्री चन्द्र वीर, खण्ड विकास अधिकारी, नादौन

19. श्री वलिन्दर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, बिझडी

20. श्री मोहिन्द्र पाल, खण्ड विकास अधिकारी, सुजानपुर

21. डा0 पुष्पेन्द्र बर्मा, डी0पी0ओ0 कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर

22. डा0 वी0एन0 शर्मा, उप निदेशक, पशुपालन विभाग, हमीरपुर

23. डा0 ए0एस0 डोगरा, सहायक निदेशक, पशुपालन विभाग, हमीरपुर

24. श्री बलबीर सिंह बिरला, सी0डी0पी0ओ0, नादौन

25. श्री मोहन सिंह सैनी, जिला राजस्व अधिकारी, हमीरपुर

26. श्री राजीव कुमार, जिला योजना अधिकारी, हमीरपुर

27. श्री संजीव शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी, हमीरपुर

28. श्री विनय शर्मा, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी, हमीरपुर

29. डा0 विजय कुमार शर्मा, जिला आर्युवेदा अधिकारी, हमीरपुर

30. श्री जगदीश कौशल, प्रधानाचार्य, DIET, गौना करौर

31. श्री संजय कुमार, सचिव, नगर पंचायत, भोटा

32. श्री विनोद कुमार, सचिव, एम0सी0 हमीरपुर

33. श्री रमेश कपूर, जिला पंचायत अधिकारी, हमीरपुर

34. डा0 आर0के0 धीमान, उप निदेशक उद्यान, हमीरपुर

35. श्रीमति चंचल ठाकुर, वरिष्ठ मत्सय अधिकारी, हमीरपुर

36. श्री देव राज शर्मा, सहायक अभियन्ता, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर

37. श्री राजेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त सहायक अभियन्ता, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर

38. श्री नवीन सिंह, उप निदेशक, उच्च शिक्षा, हमीरपुर

39. श्री आर0सी0 कटोच, उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, हमीरपुर

40. श्रीमति नीती सोनी, एस0एम0एस0, कार्यालय उप निदेशक कृषि, हमीरपुर

41. श्री शमशेर सिंह ए0आर0ओ0, कार्यालय योजना शाखा, हमीरपुर

42. श्री परमजीत सिंह, खनन अधिकारी, हमीरपुर

43. व्लवीर सिंह विरला, सी0डी0पी0ओ0, नादौन

44. श्री एम0आर0 वैंस, सहायक नियन्त्रक वित एवं लेखा, जिलाधीश कार्यालय हमीरपुर

45. श्री टी0 आर0 दडोच व0 सहायक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर

46. श्री प्रताप चन्द, वरिष्ठ सहायक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर

47. श्री हेम राज कौंडल, कनिष्ठ अभियन्ता, विकास खण्ड नादौन

48. श्री भगवती सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता, विकास खण्ड भोरंज

49. श्री रजनीश कुमार, पोस्टमास्टर, हैड पोस्ट आफिस, हमीरपुर

50. श्रीमति टीना वन्याल पाटिल, एच0डी0ओ0, कार्यालय उप निदेशक उद्यान, हमीरपुर

51. श्री हरवंस लाल, जे.ई. नगर पंचायत, नादौन

52. श्री राजेश त्रिवेदी, जे.ई. नगर पंचायत, सुजानपुर

53. श्री संजय गर्ग, एस0ए0० कार्यालय आई0सी0डी0एस0, हमीरपुर

54. श्री प्रत्युष चौहान, अधीक्षक, कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र, हमीरपुर

55. श्री पवन वन्याल लिपिक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर

56. श्री कुलदीप सिंह, कम्पयूटर आप्रेटर, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर

57. श्री लकी पुरी, एल0एम0के0/सी0एस0सी0, कार्यालय उपायुक्त, हमीरपुर

सर्वप्रथम अतिरिक्त उपायुक्त, हमीरपुर ने श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय संसद सदस्य एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), गैर सरकारी सदस्यों एवं जिला के उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों का बैठक में पधारने पर स्वागत किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से तकनीकी विशेषज्ञ, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर द्वारा बैठक की कार्यवाही का आरम्भ किया गया। गत बैठक जो दिनांक 14.02.2017 को हुई थी,

नें पारित आदेशों पर विभागों द्वारा की गई कार्यवाही से अध्यक्ष महोदय को अवगत करवाया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यावाही विभाग बार आरम्भ की गई।

1. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग :

1. केन्द्र सरकार द्वारा विभाग में संचालित की जा रही समस्त कल्याणकारी योजनाओं की वित्तीय एवम् भौतिक प्रगति सूचना डा० पुष्पेन्द्र **बर्मा**, प्रतिनिधि कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर ने सदन में प्रस्तुत की। डा० पुष्पेन्द्र बर्मा ने सदन को अवगत करवाया कि कुल Institutional deliveries के 5579 केस प्राप्त हुए जिनमें से 5477 की deliveries क्षेत्रीय अस्पताल में हुई जोकि 98.17% है । इस पर अध्यक्ष महोदय ने प्रतिनिधि कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि कम से कम रोगियों को जिला से बाहर भेजा जाए । अध्यक्ष महोदय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के बैठक में उपस्थित न होने पर कडा संज्ञान लिया और जो प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित हुए, उन्हें विभाग की गतिविधियों बारे पूर्ण जानकारी भी नहीं थी । इस पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इस तरह से इन बैठकों का कोई आचित्य नहीं रह जाता है । अध्यक्ष महोदय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर को निर्देश दिए कि भविष्य में इन बैठकों स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें ।

2. अध्यक्ष महोदय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत लोगों को पूर्ण जानकारी न होने के कारण लाभार्थी इस योजना का पूरा लाभ लेने से वंचित रह रहे हैं । इस पर डा० पुष्पेन्द्र **बर्मा** प्रतिनिधि कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सदन को अवगत करवाया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के कुल 32054 कार्ड धारक हैं । जिनमें से 1244 कार्ड धारकों ने इस योजना का लाभ उठाया है । अध्यक्ष, जिला परिषद, हमीरपुर ने जानना चाहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना में वर्ष 2016 से लाभार्थियों के हैल्थ कार्डो का नवीनीकरण नहीं हो रहा है । इस पर तकनीकी विशेषज्ञ, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि जो कार्ड वर्ष 2014 में बनाए गए हैं, की सीमा 31 जुलाई 2017 तक बढा दी गई है । अध्यक्ष महोदय ने प्रतिनिधि कार्यलय मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पिछले तीन महीनों में कितने कैम्प लगाए गए, का पूर्ण ब्यौरा 15 दिन के भीतर उन्हे भेजना सुनिश्चित करें । इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय ने प्रतिनिधि कार्यलय मुख्य चिकित्सा अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत कार्ड बनाने हेतु किस कम्पनी को अधिकृत किया गया है, का भी पूर्ण विवरण देना सुनिश्चित करें। अध्यक्ष महोदय ने प्रतिनिधि कार्यलय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक जागरूक शिविर लगाए जाएं तथा इन शिविरों में आशा वर्करों व पंचायती राज सस्थाओं के प्रतिनिधयों को भी बुलाएं ताकि वे भी अपने कार्य क्षेत्र में भी अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी दे सकें ।

3. तकनीकी विशेषज्ञ, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना का कार्यान्वयन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाता है और ग्रामीण विकास विभाग खण्ड स्तर पर कार्डो को बनाने की प्रकिया तथा शिविरों के आयोजन करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की सहायता करता है ।

4. अध्यक्ष महोदय ने डा0 पुष्पेन्द्र बर्मा प्रतिनिधि कार्यलय मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानना चाहा कि मैडीकल कालेज की कक्षाएं कब से शुरू होंगी । इस पर प्रतिनिधि कार्यलय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सदन को अवगत करवाया कि मैडीकल कालेज के लिए फैकलटी के चयन की प्रकिया पूरी हो गई है और उन्हें आदेश तभी दिए जाएंगे जब MCI की टीम कलीयरैंस देगी । MCI की टीम ने अभी तक दौरा नहीं किया है, जब दौरा हो जाएगा, उसके बाद ही कक्षाए चलेंगी । अध्यक्ष महोदय ने प्रतिनिधि कार्यलय मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि MCI की टीम किन कारणों से हमीरपुर में नहीं आई और किस स्तर पर कमी रही है, उन्हे 15 दिन के भीतर अवगत करवाना सुनिश्चित करें ।

5. डा0 पुष्पेन्द्र बर्मा, प्रतिनिधि कार्यलय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सदन को अवगत करवाया कि तम्बाकू निषेध कमेटियों का गठन किया जा चुका है तथा कैम्पों का भी आयोजन किया जा रहा है। कोपटा के अन्तर्गत विभाग ने वर्ष 2016–17 में 5150 चालान किए हैं और मु0 1337620/– रू0 की धनराशि चालानों के माध्यम से वसूल की गई है ।

6- अध्यक्ष, जिला परिषद ने यह जानना चाहा कि ब्लड बैंक से प्राईवैट अस्पतालों को ब्लड दिया जा रहा है और अपने अस्पताल के मरीजों को नहीं दिया जाता है । इस पर प्रतिनिधि कार्यलय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सदन को अवगत करवाया कि ऐसा नहीं है, सरकार के नियमों अनुसार ही प्राईवेट अस्पताल जो प्राधिकृत हैं, उन्हें ही ब्लड दिया जाता है ।

**(कार्यवाही मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर)**

## 2. विद्युत विभागः

1. अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत विभाग, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्याति योजना के अन्तर्गत विभ्मिन कार्यक्रमों हेतु 189.82 लाख रू0 का प्रावधान है । वर्ष 2016–17 के लिए 90 लाख रू0 का प्रावधान रखा गया था । टैंडर प्रकिया मुख्य अभियंता एम.एम., राज्य विद्युत परिषद, शिमला द्वारा पूरी की जा रही है और योजना का कार्य समय अनुसार पूरा करवा दिया जाएगा ।

2. अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वोर्ड हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि Integrated Power Development Scheme के अन्तर्गत विभ्मिन कार्यक्रमों हेतु 396.072 लाख रू0 का प्रावधान है । वर्ष 2016–17 के लिए 190 लाख रू0 का प्रावधान रखा गया है । टैंडर प्रकिया मुख्य अभियंता एम.एम., राज्य विद्युत परिषद, शिमला द्वारा पूरी की जा रही है और योजना का कार्य समय अनुसार पूरा करवा दिया जाएग ।

3. अध्यक्ष महोदय ने अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिए कि जो लक्ष्य दिए गए हैं, को 31 जुलाई, 2017 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें ।

4. अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वोर्ड, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि जिला परिषद वार्ड सराहकड के अन्तर्गत आने वाले सभी गावों की विजली बार–बार ट्रिप हो रही थी, जिसका

समाधान कर दिया गया है । यह समस्या पेडों की कटाई–छंटाई व ढीले पडे स्पैन की वजह से हो रही थी । फिर भी वार्ड में विद्युत समस्या होगी तो उसे शीघ्र निपटा दिया जाएग । ।

5. अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वोर्ड, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि इस परिचालन वृत्त के अन्तर्गत कुल 2,09,032 उपभोक्ता है और 1,12, 660 उपभोक्ताओ को 8,00,264 एल.ई.डी. बल्ब दिए जा चुके हैं ।

6. अध्यक्ष महोदय ने प्राधिकृत अधिकारी, विद्युत वोर्ड, हमीरपुर को यह भी निर्देश दिए कि अधीक्षण अभियन्ता आगामी होने वाली बैठक में स्वयं भाग लें जिससे कि सदन में उठाई गई समस्याओं के बारे में गैर सरकारी सदस्यों को पूर्ण जानकारी मिल सके ।

**(कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग)**

3.<u>शिक्षा विभाग</u> :

1. अध्यक्ष महोदय ने पिछली बैठक में निर्देश दिए थे कि प्रेरणा व प्रयास परियोजना के अन्तर्गत खरीदे गए सांईस किटस व मैथ किटस की पूरी छानवीन करवाना सुनिश्चित करें । इस मामले की जिलाधीश, हमीरपुर द्वारा छानवीन करवाई गई तथा यह पाया गया कि इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई गल्ती नहीं पाई गई । छानवीन की रिपोर्ट प्रधानाचार्य, डाईट, गौना करौर द्वारा अध्यक्ष महोदय की सेवा में भेज दी गई थी ।

2. अध्यक्ष महोदय ने प्रधानाचार्य, डाईट, हमीरपुर से जानना चाहा कि शिक्षा विभाग में प्रेरणा के अन्तर्गत कितने जारूकता कैम्प लगाए गए तथा क्या इससे बच्चों की संख्या बढौतरी हुई है । प्रधानाचार्य, डाईट हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि सरकारी स्कूलों में प्रेरणा परियोजना के चलने से स्कूलों में बच्चों की संख्या में बढौतरी हुई है । अध्यक्ष महोदय ने प्रधानाचार्य, डाईट, हमीरपुर को निर्देश दिए कि इस योजना के अन्तर्गत जिला में चल रही गतिविधियों की प्रगति तथा इस पर किए गए खर्चे की विस्तृत रिपोर्ट उन्हें 15 दिन के भीतर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ।

3. अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक माध्यमिक, हमीरपुर से जानना चाहा कि मीड डे मील का खाना ठीक बनाया जा रहा है और सब बच्चों को मिल रहा है । इस पर उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि सब बच्चों को खाना मिल रहा है और इसकी आनलाईन एंटरी की जा रही है तथा जिला हमीरपुर प्रथम स्थान पर चल रहा है ।

4. गैर सरकारी सदस्य श्री संजीव कुमार ने जानना चाहा कि जिला हमीरपुर के कितने स्कूल बन्द किए गए है । इस पर प्रधानाचार्य, डाईट ने सदन को अवगत करवाया कि 9 स्कूल बन्द किए गए हैं ।

5. अध्यक्ष, जिला परिषद, हमीरपुर ने शिक्षा विभाग से यह जानना चाहा कि सांईस क्वीज प्रतियोगिता वर्ष 2017–18 में दुर्गम क्षेत्रों में भी करवाएंगे। इस पर प्रधानाचार्य, डाईट ने सदन को अवगत करवाया कि दुर्गम क्षेत्रों में भी प्रतियोगिताएं करवाएंगे । अध्यक्ष महोदय ने

प्रधानाचार्य, डाईट, गौना करौर को निर्देश दिए कि इस प्रतियोगिता को दुर्गम क्षेत्रों में भी करवाना सुनिश्चित करें ।

(उपनिदेशक उच्च शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, प्रधानाचार्य **DIET**)

**4.शहरी विकास विभाग :**

अध्यक्ष महोदय ने कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, हमीरपुर से जानना चाहा कि जो गरीबों को मकान आबंटित किए जाने हैं, उनको अभी तक आवंटित क्यों नहीं किया गया है । इस पर कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ने सदन को करवाया कि शीघ्र उक्त मकानों को आवंटित करने की प्रकिया जारी है और शीघ्र ही उक्त मकानों को पात्र लाभार्थियों को आवंटित कर दिए जांएगे ।

(कार्यवाही समस्त शहरी विकास/ नगर परिषद)

**5.सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना :**

1. अध्यक्ष महोदय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत जो कार्य स्वीकृत किए गए हैं उनको 31 जुलाई, 2017 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा जो कार्य शुरू नहीं हो सकते हैं, उनकी धनराशि को उपायुक्त महोदय को वापिस भेजना सुनिश्चित करें तथा जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनके उपयोगित प्रमाण पत्र/पूर्ण प्रमाण पत्र सहित जिला योजना अधिकरी, हमीरपुर को भेजना सुनिश्चित करें।
2. अध्यक्ष महोदय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत जो कार्य पूर्ण किए जा चुकें हैं और उदघाटन के लिए तैयार हैं, उनका पूर्ण ब्यौरा 15 दिन के भीतर उन्हें भेजना सुनिश्चित करें ।
3. श्री बलदेव धीमान, गैर सरकारी सदस्य ने खण्ड विकास अधिकारी, बमसन से जानना चाहा कि वर्ष 2014–15 में माननीय राज्य सभा सदस्य ने मु0 3.00 लाख रू0 गउ सदन जामलीधाम के लिए दिए थे, खर्च कर दिए हैं या नहीं । इस पर खण्ड विकास अधिकारी, बमसन ने सदन को अवगत करवाया कि प्रथम किस्त दे दी गई है और कार्य को जल्द शुरू कर दिया जाएगा ।

(कार्यवाही समस्त खण्ड विकास अधिकारी)

**6.सासंद आदर्श ग्राम योजना :**

तकनीकी विशेषज्ञ, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने सदन को अवगत करवाया कि सांसद आदर्श गांव योजना की वी0डी0पी0 का प्रारूप तैयार कर लिया गया है और इसे ग्राम सभा से अनुमोदित करवाया जाना है । अध्यक्ष महोदय से ग्राम सभा की बैठक में स्वयं उपस्थित होने हेतु तिथि व समय देने का अनुरोध किया गया ।

(कार्यवाही उप निदेशक, डी0आर0डी0ए0/समस्त विभाग)

7.सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग :

1. पेयजल योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 के लिए 20 बस्तियों को भौतिक लक्ष्य पेय जल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया था । जिसके लिए 290.84 लाख रू0 बजट का प्रावधान रखा गया था। विभाग द्वारा 20 कस्बों को पेय जल उपलब्ध करवा दिया गया है तथा इन पर 31.03.2017 तक 291.10 लाख रू0 व्यय किये जा चुके हैं। लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत 2..78 हैक्टैयर भूमि को सिंचित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्ष 2016–17 में 31.03.2017 तक 2.78 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवा दी गई है । मध्यम सिंचाई योजना के अन्तर्गत 2564.64 लाख रू0 व्यय करने का लक्ष्य रखा गया था जोकि 31.03.2017 तक पूर्ण कर लिया गया है । इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई एंव जन स्वास्थ्य विभाग, हमीरपुर को निर्देश दिये कि जिला हमीरपुर के समस्त क्षेत्रों में पीने के पानी की सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा विभागीय अधिकारी स्वंय इसका निरीक्षण करें तता पानी की गुणवता समय–समय पर जांचना सुनिश्चित करें ।

2. अध्यक्ष महोदय ने अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य से यह जानना चाहा कि प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्राप्त हुई है । इस पर अधिशाषी अभियन्ता ने सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत कोई भी धनराशि प्राप्त नहीं हुई है ।

3. अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य ने सदन को अवगत करवाया कि हमीरपुर शहर के लिए उठाउ पेय जल योजना स्वीकृत हुई थी । केन्द्र सरकार के हिस्से की धनराशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने बताया कि यह योजना वर्ष 2014 में खत्म हो गई है तथा केन्द्र सरकार से कोई राशि जारी नहीं होगी । अध्यक्ष महोदय ने अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य, हमीरपुर को निर्देश दिए कि इस बारे मामला राज्य सरकार से उठाया जाए ।

(कार्यवाही सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग)

8. लोक निर्माण विभाग :

अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग ने अवगत करवाया कि 500 से अधिक जनसंख्या वाले सभी गांव सडक से जोड दिए गए हैं । 250 से कम जनसंख्या वाले 4 गांव हैं जिनमें से टौणी देवी मण्डल में एक गांव को प्रधानमन्त्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत धनराशि स्वीकृत हो चुकी है । बडसर मण्डल के दो गांवों की डी0पी0आर0 तैयार करके सरकार को भेज दी गई है तथा हमीरपुर मण्डल के एक गांव की डी0पी0आर0 जोकि जमीन के झगडे के कारण नहीं बनाई जा सकी है । अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सम्बन्धित सडकों का निर्माण का कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही लोक निर्माण विभाग)

9. पशु पालन विभाग :

अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक, पशु पालन विभाग, हमीरपुर से जानना चाहा कि राष्ट्रीय लाईव सटाक मिशन के अन्तर्गत लाभार्थियों को क्या सहायता दी जाती । उप निदेशक, पशु पालन ने सदन को अवगत करवाया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अन्तर्गत एक महीने के पैदा हुए चूजे (40 चूजे) प्रति लाभार्थी को दिए जाते है और उनको रखने के लिए जो वाडा बनाया जाता है, उसके लिए प्रति लाभार्थी को 1125 रू0 का अनुदान (75 प्रतिशत अनुदान) दिया जाता है । लाभार्थियों को एक हफते का प्रशिक्षण विभागीय पोलटरी फार्म, सुन्दरनगर में दिया जाता है । प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थी को 150/- रू0 प्रतिदिन तथा आने जाने का किराया भी दिया जाता है । इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति के लाभाथियों को गाभीन पशुओं के लिए (लेट प्रेगनेंशी राशन) आहार 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाया जाता है । वर्ष 2016-17 में 74 परिवारों को लाभान्वित किया गया तथा 31.03.2017 तक 1.80 लाख रू0 का अनुदान प्रदान किया गया । उप निदेशक, पशु पालन विभाग, हमीरपुर ने सदन को यह भी अवगत करवाया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत 85 जागरूक कैम्पों का आयोजन किया गया तथा इन कैम्पों के माध्यम से 8500 किसानों को इस सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई । इन कैम्पों के आयोजन हेतु 22.38 लाख रू0 खर्च किए गए ।

(कार्यवाही पशुपालन विभाग)

10. उद्यान विभाग :

अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक, वागवानी से जानना चाहा कि उप निदेशक, वागवानी ने सदन को अवगत करवाया कि वर्ष 2016-17 में 167000 फलदार पौधों के वितरण का का लक्ष्य रखा गया था । 31.03.2017 तक 169326 फलदार पौधों का वितरण विभाग द्वारा किया गया है । इसके अतिरिक्त उप निदेशक, वागवानी ने सदन को यह भी अवगत करवाया कि विभाग द्वारा 250 वागवानों को उद्यान उपकरणों से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया था। विभाग द्वारा 31.03.2017 तक 447 बागवानों को उद्यान उपकरणों से लाभान्वित किया गया है । अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक, वागवानी को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बागवानों को जागरूक शिविरों में जानकारी उपलब्ध करवाई जाए और जिला हमीरपुर के जलवायु के अनुसार बागवानी करने हेतु प्रेरित किया जाए ।

(कार्यवाही उद्यान विभाग)

11. कृषि विभाग :

1. उप निदेशक कृषि, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में जिला हमीरपुर के लिए 7.63 लाख रू0 का लक्ष्य व कार्यों का लक्ष्य रखा गया था । 31.03.2017 तक यह कार्य प्रगति पर है । अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक, कृषि, हमीरपुर को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें

तथा प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना बारे लोगों को अवगत करवायें तथा साथ ही जागरूकता शिविरों का आयोजन करें ताकि इस योजना का अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सकें ।

2. अध्यक्ष, जिला परिषद, हमीरपुर ने उप निदेशक कृषि से जानना चाहा कि विकास खण्ड, नादौन में आम किसान सब्जी का कार्य करते हैं लेकिन वहां के किसानों को प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है । इस पर अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक, कृषि को निर्देश दिए कि जागरूक शिविरों में किसानों को कृषि से सम्बन्धित समस्त योजनाओं की पूर्ण जानकारी देना सुनिश्चित करें ।

3. श्री बलदेव धीमान, गैर सरकारी सदस्य ने उप निदेशक कृषि, हमीरपुर से जानना चाहा कि प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत कितने किसानों ने ऋण लिया और कितने किसानों ने फसल बीमा करवाया है । इस पर उप निदेशक कृषि, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत जिला में खरीफ 2016 में 256 अऋणी किसानों तथा रबी 2016 में 6880 किसानों ने अपनी मक्की एवं गेहूं की फसल का बीमा करवाया । विभाग द्वारा पूरे जिला में 90 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए । ऋणी किसानों का बीमा सीधे सम्बन्धित बैंकों द्वारा किया गया है ।

4. अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक कृषि, हमीरपुर से जानना चाहा कि Soil Health Card को बनाने से लोगों को क्या फायदा हुआ । इस पर उप निदेशक कृषि, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि लोगों को Soil Health Card की रिपोर्ट के अनुसार खाद्य व अन्य तत्वों को डालने हेतु प्रेरित किया जाता है । अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक कृषि, हमीरपुर को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को इस बारे जागरूक करें ताकि उनकी आमदनी में वृद्धि हो सके ।

**(कार्यवाही कृषि विभाग)**

## 12. राजस्व विभाग :

1. जिला राजस्व अधिकारी, हमीरपुर ने सदन अवगत करवाया कि जिला हमीरपुर के राजस्व दस्तावेज के अनुसार 1780 गांवों में से 1711 गांवों की जमाबन्दी का कार्य कर कम्पयूटराईज्ड कर दिया गया है शेष 69 गांवों की जमाबन्दी का कार्य प्रगति पर है । समस्त तहसीलें व उपतहसीलें ऑनलाईन कर दी गई है तथा लोगों को कम्पयूटराईज्ड जमाबन्दी की प्रतियां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि शेष 69 गांवों का रिकार्ड जल्द से जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि पूरे जिला का राजस्व रिकार्ड कम्पयूटराईज्ड हो सके।

2. जिला राजस्व अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि जिला हमीरपुर की सभी तहसीलों को ` ई–स्टैम्पिंग प्रणाली से जोडा जा चुका है तथा अस्टाम ई–स्टैम्पिंग के जरिए ही खरीदे व बेचे जा रहे हैं ।

**(कार्यवाही राजस्व विभाग)**

## 13. हिम ऊर्जा विभाग :

अध्यक्ष महोदय ने परियोजना अधिकारी, हिमउर्जा, हमीरपुर को निर्देश दिए कि जो सोलर लाईटें पंचायतों में विभाग के माध्यम से लगाई जाती है, उनके रख रखाव का पूर्ण दायित्व विभाग का है तथा विभाग सम्बन्धित कम्पनियों से समय–समय पर खराब लाईटों को ठीक करवाने हेतु उचित कार्यवाही करें ।

(कार्यवाही हिम ऊर्जा विभाग)

## 14. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

(महिला एवं बाल विकासद्ध )

1. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना:

जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 11.10 लाख रू0 के बजट का प्रावधान था, इसमें से 31.03.2017 तक 10.605 लाख रू0 की सहायता दी जा चुकी है । इसके अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि हर माह की 11 तारीख को पंचायत स्तर पर बालिका दिवस मनाया जाता है, जिसमें माह में जन्मी बच्ची के परिवार को जिलाधीश, हमीरपुर द्वारा हस्ताक्षरित बधाई सन्देश देकर सम्मानित किया जाता है ।

2. बाल बालिका सुरक्षा योजना:

जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि बाल बालिका सुरक्षा योजना के अन्तर्गत्त वर्ष 2016–17 में 24.20 लाख रू0 खर्च का प्रावधान था, इसमें से 31.03.2017 तक 86 बच्चियों को 22.46 लाख रू0 की सहायता दी गई ।

3. इन्दिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना :

जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि इन्दिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 3.80 करोड़ रू0 6400 महिलाओं को लाभन्वित करने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से 31.03.2017 तक 3.71 करोड़ रू0 की सहायता 5327 महिलाओं को दी जा चुकी है ।

4. बेटी है अनमोल:

जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि बेटी है अनमोल योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 74.00 लाख रू0 का प्रावधान था, जिसमें से 31.03.2017 तक 2484 बच्चियों को 73.09 लाख रू0 की सहायता से लाभान्वित किया जा चुका है ।

5- जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि जिला हमीरपुर की जिन बेटियों ने उत्कृष्ट कार्य किया है व उंचे पदों पर नियुक्त हुई हैं, उनके जिला के प्रवेश द्वारों पर

फोटो सहित होर्डिंग लगाने बारे निर्देश दिए गए थे, लेकिन उना जिला में माननीय अदालत में कोर्ट केस चला हुआ है क्योंकि उक्त विभाग ने सम्बन्धित उत्कृष्ट बेटियों से सहमति नही ली थी । अध्यक्ष महोदय ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर को निर्देश दिए कि उक्त बेटियों से होर्डिंग लगाने हेतु उक्त बेटियों से सहमति लेकर फोटो सहित होर्डिंग लगाना सुनिश्चित करें । इसके अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि अब जिला का लिंग अनुपात 1000:953 हो गया है ।

6. अध्यक्ष महोदय ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0, हमीरपुर को यह भी निर्देश दिए कि आंगनवाडियों का समय–समय पर निरीक्षण करना सुनिश्चित करें तथा वहां पर बच्चों को दिये जाने वाले राशन की गुणवत्ता पर पूर्ण ध्यान दिया जाए ।

**(कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0)**

**15. <u>खाद्य आपूर्ति विभाग</u> :**

जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत केवल वह बी0पी0एल0 परिवार ही पात्र हैं जिनके नाम SECC-2011 की सूची में हैं । यह गैस कुनैक्शन केवल उन्हीं परिवारों की महिला मुखिया को ही दिए जाएंगें जिनके परिवार में पहले से किसी भी सदस्य के नाम कोई एल0पी0जी0 गैस कुनैक्शन नहीं है। जिला हमीरपुर में कुल छः गैस एजैंसियां कार्यरत हैं। सभी गैस एजैंसियों द्वारा इस योजना के पात्र बी0पी0एल0 परिवार जिनके नाम SECC-2011की सूची में हैं की लिस्ट सम्बन्धित ग्राम पंचायत प्रधानों को दे दी है और जो लाभार्थी इस योजना में आ रहे है उनके KYC फार्म भरे जा रहे हैं । अब तक 724 फार्म भरे जा चुके हैं तथा कम्पनियों द्वारा 9 शिविरों का आयोजन किया गया है । अध्यक्ष महोदय ने जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, हमीरपुर को निर्देश दिए कि इस योजना बारे ज्यादा से ज्यादा शिविर लगाएं ताकि लोग इस योजना लाभ उठा सकें ।

**(कार्यवाही जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, हमीरपुर)**

**16. <u>राष्ट्रीय राजमार्ग</u> :**

अधिशाषी अभियन्ता, राष्ट्रीय राज मार्ग, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि way site amenities पंजाब बोर्डर से नादौन तक 5, मुबारिकपुर–देहरा–रानीताल तक 1, मैहतपुर–उना–अम्ब तक 3 तथा शिमला–मटौर–2 स्थानों का चयन किया गया है । अध्यक्ष महोदय ने अधिशाषी अभियन्ता, राष्ट्रीय राज मार्ग, हमीरपुर को निर्देश दिए कि जाहू बाला रोड खराब हो गया है । इसकी मुरम्मत करवाना सुनिश्चित करें ।

**(कार्यवाही अधिशाषी अभियन्ता, राष्ट्रीय राज मार्ग, हमीरपुर)**

17. खनन विभाग :

जिला खनन अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि जिला हमीरपुर में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ 281 मामले पाए गए, इनमें से 92 केसों से 4,76,200/- रू0 वसूल किए तथा बाकि 111 मामले जो माननीय अदालत में है, उनमें से 79 मामलों से 7,11,500/- रू0 वसूल किए गए शेष 78 मामले कार्यलय में लम्बित हैं । पुलिस विभाग द्वारा 519 चालान किए गए और 2191000/- रू0 वसूल किए गए । अध्यक्ष महोदय ने जिला खनन अधिकारी, हमीरपुर को निर्देश दिए कि ब्यास नदी में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए तथा भविष्य में ब्यास नदी से अवैध खनन रोकने हेतु व्यापक प्रबन्ध किए जाएं ।

(कार्यवाही खनन अधिकारी)

18. कल्याण विभाग :

जिला कल्याण अधिकारी हमीरपुर ने सदन को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया कि वर्ष 2016-17 में 31.03.2017 तक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन योजना के अन्तर्गत 7396 परिवारों को पैन्शन दी गई तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय अपंग पैन्शन योजना के अन्तर्गत उपरोक्त अवधि में 105 लाभार्थियों को पैन्शन दी गई है । इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पैन्शन योजना के अन्तर्गत उपरोक्त अवधि में 1889 लाभार्थियों को पैन्शन दी गई है तथा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत 31.03.2017 तक 150 परिवारों को सहायता प्रदान की गई । जिला कल्याण अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि जिला में 60 वर्ष से उपर कितने पात्र लोग हैं, जिन्हे पैन्शन दी जानी है व 80 वर्ष से उपर कितने लोग हैं और कितनों को पैन्शन दी जा रही है और कितनों को दी जानी है, इसकी रिपोर्ट जिला हमीरपुर के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों से प्राप्त हो गई है । अध्यक्ष महोदय ने जिला कल्याण अधिकारी हमीरपुर को निर्देश दिए कि अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं बारे लोगों को शिविरों माध्यम से अवगत करवाएं तथा पात्र व्यक्तियों को पैंशन उपलब्ध करवाने हेतु उचित कदम उठाएं।

(कार्यवाही जिला कल्याण अधिकारी)

19. उद्योग विभाग:

1. प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम

महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 के लिए 22 लोगों को 44.54 लाख रू0 ऋण देने का लक्ष्य दिया गया था। अब तक 31.03.2017 तक 26 मामलों की बैंकों द्वारा को स्वीकृति दी गई है तथा 78.54 लाख रू0 का मार्जन मनी कलेम की गई है ।

इस पर अध्यक्ष महेदय ने महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हमीरपुर को निर्देश दिए कि दिए गए लक्ष्यों को वित्तीय वर्ष 2016-17 में पूर्ण करना सुनिश्चित करें ।

ग्रामीण इंजिनियरिंग आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस योजना के अन्तर्गत बेरोजगार युवाओं को अपना स्वरोजगार के अवसर पैदा करने हेतु 9 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को 2400/– रूपये प्रतिमाह छात्रवृति व प्रशिक्षक को 500/– रूपये मानदेय के रूप में प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रति माह दिया जाता है । प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रशिक्षणार्थियों को 7000/– रूपये की टूल किट उपलब्ध करवाने के लिए दिए जाते हैं ताकि वे अपना स्वरोजगार शुरू कर सके । वित्तिय वर्ष 2016–17 में इस जिला के लिए 8 लाभार्थियों का लक्ष्य रखा गया था, जिसके विरूद्व 7प्रशिक्षणार्थी विभिन्न व्यवसायों में आई0 टी0 आई0/औद्यौगिक इकाइयों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिस पर 1.13 लाख रू0 खर्च किए गए हैं तथा एक प्रशिक्षणार्थी ने प्रशिक्षण बीच में छोड दिया है ।

(कार्यवाही उद्योग विभाग)

20. ग्रामीण विकास विभाग

1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना :–

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 31.03.2017 तक 2419.43 लाख रू0 विभिन्न कार्यों पर व्यय किए जा चुके हैं। वर्ष 2016–17 में 6851 कार्य स्वीकृत किये गए थे, जिनमें से 4132 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं तथा 2699 कार्य प्रगति पर हैं।

इस योजना के अन्तर्गत 26853 परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है और 10.05 लाख कार्य दिवस सृजित किये गये हैं, जिनमें से अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति 3.17 लाख कार्य दिवस अर्जित किए तथा 7.63 लाख कार्य दिवस महिलाओं ने अर्जित किए हैं जो कि कुल कार्य दिवसों का 75.88% है।

अध्यक्ष महोदय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करें तथा स्थाई सम्पति बनाने हेतु भी प्रभावी कदम उठायें जिससे लोगों को स्थाई सम्पति का लाभ मिले।

(कार्यवाही समस्त खण्ड विकास अधिकारी)

2. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) :

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत 31.03.2017 तक 3617.43 लाख रू0 प्राप्त हुये है, जिनमें से 2111.86 लाख रू0 विभिन्न गतिविधियों पर खर्च किये जा चुके है। जिला की सभी 229 ग्राम पंचायतें खुले में शौच मुक्त घोषित हो चुकी हैं तथा इन समस्त ग्राम पंचायतों का मुल्यांकन मार्गदर्शिका अनुसार करवाया जा चुका है व 157 ग्राम पंचायतें भारत सरकार द्वारा निर्मल ग्राम पुरस्कार से सम्मानित की जा चुकी हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत परियोजना में 60 नं0 सामुदायिक शौचालयों का लक्ष्य रखा गया था । जिनमें से मुख्य बाजारों में 60 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है । तकनीकी विशेषज्ञ, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने सदन को अवगत करवाया कि वर्ष 2014–15 में जिला हमीरपुर की 30

ग्राम पंचायतों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन हेतु चयनित किया गया था । जहां पर सोख्ता गड्डे, गन्दे पानी की निकासी एवं नालियों के निर्माण हेतु 470 लाख रू0 स्वीकृत किये गए थे जिनमें से 230.20 लाख रू0 ठोस तरल एवं अवशिष्ट प्रबन्धन पर व्यय किये जा चुके हैं । वर्ष 2015–16 के लिये 40 ग्राम पंचायतों के लिए 650 लाख रू0 की कार्य योजना स्वीकृत की गई हैं जिसमें से 133.38 लाख रू0 तरल अवशिष्ट प्रबन्धन पर व्यय किये जा चुके हैं तथा वर्ष 2016–17 के लिये 45 ग्राम पंचायतों के लिए मु0 762.10 लाख रू0 की कार्य योजनाओं को जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है तथा इन कार्य योजनाओं की स्वीकृत प्रतियां व धनराशि जिला हमीरपुर के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों का भेज दी गई हैं । इन ग्राम पंचायतों में ठोस तरल एवं अवशिष्ट प्रबन्धन का कार्य शीघ्र आरम्भ कर दिया जाएग ।

2. अध्यक्ष, जिला परिषद, हमीरपुर ने खण्ड विकास अधिकारी, नादौन से जानना चाहा कि खण्ड विकास अधिकारी, नादौन को प्रथम चरण का जो लक्ष्य दिया गया है, पूर्ण कर लिया है या नहीं । खण्ड विकास अधिकारी, नादौन ने सदन को अवगत करवाया कि दिए गए लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा ।

**(कार्यवाही समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

3. <u>एकीकृत जलागम प्रबन्धन कार्यक्रम</u> :

जिला में 5 नं0 एकीकृत जलागम प्रबन्धन कार्यक्रम परियोजनाएं भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। जिनको 69 ग्राम पंचायतों के माध्यम से चलाया जा रहा है। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत 19471 हैक्टेयर भूमि को उपचारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिस की परियोजना लागत 2920.65 लाख रू0 है। 31 मार्च, 2017 तक भारत सरकार और प्रदेश सरकार से 775.27 लाख रू0 प्राप्त हुए है, जिनमें से विभिन्न गतिविधियों पर 644.47 लाख रू0 खर्च किए जा चुके है 4627.57 हैक्टेयर भूमि उपचारित की जा चुकी है । अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक कृषि -cum-PIA IWMP, बमसन को यह भी निर्देश दिए कि कार्यों की प्रगति की गति को बढाया जाए ।

अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग जलसंरक्षण हेतु अधिक से अधिक कदम उठाएं ताकि किसानों को कृषि सिंचाई हेतु जल उपलब्ध हो सके तथा लोग अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकें।

**<u>(उप निदेषक कृषि/खण्ड विकास अधिकारी, बमसन, बिझड़ी )</u>**

4. <u>राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन</u> :

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 के लिए 300.00 लाख रू0 ऋण देने व 245 स्वयं सहायता समूहो को गठित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था । 31.03.2017 तक 243 स्वयं

सहायता समूहो का गठन किया जा चुका है व इनमें से 85 स्वयं सहायता समूहो को बैंकों के साथ लिंक करवाकर 230.86 लाख रू0 का ऋण उपलब्ध करवाया जा चुका है ।

अध्यक्ष महोदय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि खण्ड स्तर पर अधिक से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन करवाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें और लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने हेतु उचित कदम उठाएं ।

(समस्त खण्ड विकास अधिकारी)

5.प्रधानमन्त्री आवास योजना, ग्रामीण :

तकनीकी विशेषज्ञ, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 के लिए 122 घरों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिनमें से 112 घर एमआईएस पर रजिस्टर्ड कर दिए गए है, 103 घर स्वीकृत तथा 92 घरों को पहली किस्त जार कर दी गई है । अध्यक्ष महोदय ने जिला हमीरपुर के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिए गए लक्ष्य की लाभार्थियों की सूचि आवास साफट में 15 दिन के भीतर अपलोड करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को 31 जुलाई, 2017 से पहले पूर्ण करना निश्चित करें ।

(कार्यवाही समस्त खण्ड विकास अधिकारी)

21. वन विभाग :

वन मण्डल अधिकारी ने सदन को अवगत करवाया कि वर्ष 2016–17 में विभाग द्वारा 162 हैक्टेयर भूमि पर 1,26,000 पौधों का पौध रोपण किया जाना था । 31.03.2017 तक विभाग द्वारा 162 हैक्टेयर भूमि पर पौधा रोपण किया जा चुका है तथा 1,29,600 सीडिंग लगाई जा चुकी है ।

(कार्यवाही वन विभाग)

22. डाक विभाग :

1. अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षक डाक विभाग, हमीरपुर से जानना चाहा कि प्रधानमन्त्री सुरक्षा योजना के अन्तर्गत कितने खाते खुले है । इस पर अधीक्षक डाक विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत 10541 लोगों के खाते खुले हैं ।
2. अधीक्षक डाक विभाग, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि सुकन्या समृद्वि योजना के अन्तर्गत 17310 लोगों के खाते खुले हैं, प्रधानमन्त्री जीवन ज्योति योजना के अन्तर्गत 4540 लोगों के खाते खुले हैं तथा अटल पैन्शन योजना के अन्तर्गत 1092 खाते खोले गए हैं ।
3. अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षक, डाक विभाग को निर्देश दिए कि इन योजनाओं की जानकारी जागरूकता शिविर का आयोजन करके अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि लोग इन योजनाओं का भरपूर लाभ ले सकें ।

(कार्यवाही डाक विभाग)

23. मत्सय पालन विभाग :

वरिष्ठ मत्सय अधिकारी, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि ताल सामुदायिक तालाव को वर्ष 2016-17 में नील क्रान्ति के अन्तर्गत पुर्नद्वार करवाया जा रहा है । इस पर अध्यक्ष महोदय ने वरिष्ठ मत्सय अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसी परियोजना बनाएं जिससे लोगों की कमाई में बढ़ौतरी हो सके ।

(कार्यवाही मत्सय पालन विभाग, हमीरपुर)

अध्यक्ष महोदय ने बहुत से विभागाध्यक्षों का इस बैठक में स्वयं भाग न लेने से उनके स्थान पर आए प्राधिकुत अधिकारियों को योजनाओं की पूर्ण जानकारी न होने के कारण बैठक में पूर्ण चर्चा न हो सकी । अध्यक्ष महोदय ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे इस बैठक में स्वयं भाग लेना सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही समस्त विभागाध्यक्ष जिला हमीरपुर)

अन्त में बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद प्रस्ताव सहित सम्पन्न हुई।

हस्ता/-
अध्यक्ष,
जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
हमीरपुर, हि० प्र०

पृष्ठांकन संख्याडी०आर०डीए०/हमीरपुर/जि०वि०सम०एवंनि०समि०/2016-17-2355-80 दिनांक: 8-8-2017
प्रतिलिपि सेवा में:

1. निदेशक एवं विशेष सचिव ग्रा० वि०, हिमाचल प्रदेश, शिमला की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. उपायुक्त महोदय, हमीरपुर की सेवा में सूचनार्थ प्रषित है ।
3. अतिरिक्त उपायुक्त महोदय, हमीरपुर की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित है ।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, जिला हमीरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
हमीरपुर, हि० प्र० ।

msw/vinc pro./57-73/tr